

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

## पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

### शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

### चरण-V, कार्यक्रम सं. - 03

## पंचदिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला

## मुक्त शैक्षिक संसाधनों (OERs) का विकास एवं अनुप्रयोग

**14 से 18 जून, 2021 तक**

### परिचय:

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 36 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है। पंचम चरण के सभी कार्यक्रमों का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जायेगा।**

### सन्दर्भ:

वर्तमान वैश्विक शैक्षिक परिदृश्य 'सभी को शिक्षा' एवं 'सभी को गुणवत्तायुक्त शिक्षा' प्रदान करने पर बल देता है। मुक्त शैक्षिक संसाधन (OERs) इसी विचारधारा को एक प्रबल आधार प्रदान करने में अहम भूमिका अदा करते हैं। निशुल्क होने के साथ किसी के लिये भी ये संसाधन 'कभी भी' और 'कहीं से भी' अभिगम्य है तथा इनका पुनः उपयोग, पुनः धारण, पुनरीक्षण, पुनर्मिश्रण एवं पुनर्वितरण संभव है। वीडियो, इमेज, टेक्स्ट, ऑडियो, इन्फो ग्राफ़िक्स आदि स्वरूपों में उपलब्ध होने के कारण ये एक उत्तम अधिगम सामग्री की श्रेणी में रखे जाते हैं जो शिक्षण, आकलन एवं शोध कार्य स्वरूपों को नवीनता, नवचारिता एवं सृजनात्मकता प्रदान करने में सहायता प्रदान करते हैं। इनमें अधिगमकर्ता-केन्द्रित, स्व-निर्देशित अधिगम एवं स्व-अधिगम के अनेक अवसर प्रदान करने की अपार क्षमता होने के फलस्वरूप इन्हें जानना, समझना एवं प्रयोग करना, प्रत्येक शिक्षक की अनिवार्यता बन गया है। इसी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पंचदिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन मुक्त शैक्षिक संसाधनों के निर्माण एवं अनुप्रयोग सम्बन्धित कुशलताओं को अभिवृद्ध करने के आशय से किया जा रहा है।

### उद्देश्य:

इस कार्यशाला के उद्देश्य है-

- मुक्त शैक्षिक संसाधनों (OERs) के संप्रत्यय एवं क्रिएटिव कॉमन्स लाइसेंसेस से परिचित कराना।
- मुक्त शैक्षिक संसाधनों के निर्माण एवं प्रयोग विधि की प्रक्रियाओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करना।
- मुक्त शैक्षिक संसाधनों का निर्माण विविध स्वरूपों यथा- टेक्स्ट, इमेज, वीडियो, ऑडियो, इन्फो ग्राफ़िक्स आदि में करना।
- मुक्त शैक्षिक संसाधनों के निर्माण एवं अनुप्रयोग सम्बन्धित कुशलताओं को संवर्द्धित करना।

## लक्ष्य समूह:

- सभी विषयों के उच्च शिक्षा के शिक्षक लेकिन भाषा एवं परम्परागत विषयों जैसे व्याकरण, वास्तुशास्त्र, दर्शन, साहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि के शिक्षकों को प्राथमिकता।
- परम्परागत एवं आधुनिक दोनों विश्वविद्यालयों के अध्यापक शिक्षक।
- केवल संस्कृत विषय के TGT तथा PGT शिक्षक

## पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹500/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **13 जून, 2021 को दोपहर 01 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। कार्यशाला की **प्रवेश क्षमता 100** है और पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

### सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. **लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।**
2. **कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा प्रतिदिन।**

### महत्त्वपूर्ण सूचना

**ऑनलाइन प्लेटफार्म:**
**गूगल मीट**

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का **ई-प्रमाणपत्र** प्रदान किया जाएगा।

**समन्वयक एवं संयोजक** — **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**
**निदेशक**

**सह-संयोजक** — **डॉ. पिंकी मलिक एवं डॉ. दिनेश यादव**

**कार्यक्रम सुगमकर्ता** —
**श्री सुरेन्द्र नागर,**
**श्री ज्ञान चन्द शर्मा,**
**श्री राकेश काण्डपाल,**
**श्री अक्षत डबराल,**
**एवं श्री सचिन कुमार।**

**संरक्षक**
**प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय**
**कुलपति**

**आयोजक**

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in